

महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को श्रद्धांजलि देते हुए सीएम।

# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार



### सीएम ने किया खाद्य सामग्री के वाहनों का फ्लैग ऑफ

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को गांधी जयंती के अवसर पर मुख्यमंत्री आवास में जरूरतमंद परिवारों को यूनिवर्सिटी ऑफ पेट्रोलियम एंड एनर्जी स्टडी द्वारा प्रदान की गई खाद्य सामग्री के वाहनों का फ्लैग ऑफ किया। यूपीईएस द्वारा जरूरतमंदों को एक हजार खाद्य सामग्री के पैकेट वितरित किए जा रहे हैं। इस अवसर पर यूपीईएस की कुलसचिव डॉ. बीना दत्ता, प्रदीप जगवान, मनीष दुबे मौजूद थे।

### सरस्वती विहार विकास समिति ने चलाया स्वच्छता अभियान

**संवाददाता** देहरादून। सरस्वती विहार विकास समिति अजबपुर खुर्द ने शिव शक्ति मंदिर सरस्वती विहार चौक में नगर निगम टीम के साथ स्वच्छता अभियान की शुरुआत की। जिसमें समिति के पदाधिकारी एवं क्षेत्रीय पार्षद सम्मिलित रहे। समिति के सचिव गजेंद्र भंडारी ने कहा कि समिति द्वारा कल सभी क्षेत्रवासियों को सूचित किया गया था कि गांधी जयंती के अवसर पर सभी लोग स्वच्छता अभियान का हिस्सा बनेंगे और सभी लोग अपने अपने घरों के आगे स्वच्छता अभियान चलाएंगे। टीम शिव शक्ति मंदिर और बस स्टैंड के आसपास स्वच्छता अभियान की शुरुआत करेगी।

### एक्सिस म्यूचुअल फंड ने बैलेंस्ड एडवांटेज फंड श्रेणी में किया प्रवेश

**संवाददाता** देहरादून। देश की प्रमुख म्यूचुअल फंड कंपनियों में से एक एक्सिस म्यूचुअल फंड ने मौजूदा फंड (एक्सिस डायनेमिक इक्विटी फंड) का नाम बदलकर एक्सिस बैलेंस्ड एडवांटेज फंड कर दिया है। एक्सिस बैलेंस्ड एडवांटेज फंड एक ओपन एंडेड डायनेमिक एसेट एलोकेशन फंड है जो इक्विटी और फिक्स्ड इनकम के बीच निवेश को सक्रिय रूप से मैनेज करता है। इस फंड में एसेट अलोकेशन एक ऐसी इन–हाउस स्वामित्व पद्धति द्वारा किया जाता है।

### अमेजन इंडिया ने अपने फुलफिलमेंट एवं डिलीवरी नेटवर्क को किया मजबूत

**संवाददाता** देहरादून। फेस्टिव सीजन से पहले अमेजन इंडिया ने देश भर में अपने ऑपरेशन नेटवर्क का विस्तार करने में भारी निवेश किया हैताकि उपभोक्ताओं को शॉपिंग का लगातार तेज और विश्वसनीय अनुभव कराया जा सके इस कोशिश में कंपनी ने पिछले कुछ महीनों में फुलफिलमेंट सेंटर्स डिलिवरी स्टेशन और नए सेंटर्स का इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत किया है और अपने ऑपरेशन नेटवर्क के आसपास 110,000 से ज्यादा मौसमी रोजगार के अवसर उत्पन्न किए।

---

मुख्यमंत्री ने उत्तराखंड शहीद स्मारक रामपुर तिराहा, मुजफ्फरनगर में उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी शहीदों की पुण्य स्मृति पर अर्पित की श्रद्धांजलि

# आंदोलनकारियों और परिजनों को प्राथमिकता के आधार पर मिलेगा रोजगार

**आश्वासन**

- राज्य आन्दोलनकारियों की हर समस्या का प्राथमिकता के आधार पर समाधान का दिया आश्वासन
- राज्य आन्दोलनकारियों को सरकारी अस्पतालों की तर्ज पर राजकीय मेडिकल कालेजों में मिलेगी मुफ्त उपचार की सुविधा

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि हमारी सरकार शहीदों के सपनों और राज्य आन्दोलनकारियों की भावनाओं के अनुरूप उत्तराखण्ड को हर क्षेत्र में आगे बढ़ायेगी। जनता, सरकार के भाव को समझे। यह बात उन्होंने उत्तराखंड शहीद स्मारक रामपुर तिराहा, मुजफ्फरनगर में उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी शहीदों की पुण्य स्मृति पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कही।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने राज्य आन्दोलनकारियों के हित में कई घोषणायें कीं, जिनमें राज्य आन्दोलनकारियों को सरकारी अस्पतालों की तर्ज पर राजकीय मेडिकल कालेजों में मुफ्त उपचार उपलब्ध करवाने, उद्योग धंधों में राज्य आन्दोलकारियों और उनके परिजनों को प्राथमिकता के आधार पर रोजगार देने और विभिन्न विभागों में सेवारत राज्य आन्दोलनकारियों को हटाये जाने सम्बंधी मामले में ठोस पैरवी करना शामिल है।



सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि मैं उन शहीदों को नमन करता हूं जिनके सर्वोच्च बलिदान की वजह से हमें उत्तराखंड राज्य मिला है। राज्य निर्माण आंदोलन के दौरान खटीमा, मसूरी एवं मुजफ्फरनगर में लाखों आंदोलनकारियों ने भाग लिया जिसमें से कई लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी। उन्होंने कहा उत्तराखंड राज्य का विकास शहीदों के सपनों के अनुरूप किया जाएगा। इसके लिए हमारी सरकार लगातार कार्य कर रही है। राज्य आंदोलनकारियों से जुड़ी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि 1 सितम्बर 2021 को घोषणा की थी कि राज्य आन्दोलनकारियों के चिन्हीकरण की प्रक्रिया फिर से शुरू की जायेगी, उसका शासनादेश भी जारी कर दिया गया है। हमारी सरकार जो भी घोषणा करेगी उसको हर हाल में धरातल पर उतारा जायेगा।

राज्य आंदोलनकारियों एवं शहीदों का सपना था कि युवाओं को रोजगार के लिए भटकना न पड़े इसके लिए हमारी सरकार ने पहली कैबिनेट में यह फैसला लिया कि विभिन्न विभागों पर रिक्त चल रहे 24000 पदों पर भर्ती निकालेंगे, जिनमें आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए हर जिले में कैंप लगाए जा रहे हैं। इसक अलावा कोरोना से प्रभावित व्यवसायियों और स्वयं सहायता समूहों को क्रमशः 200 और 118 करोड़ के राहत पैकेज घोषित किये गये हैं जिनका पैसा प्रभावितों के खाते में आने लगा है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में नई पहल करते हुए हमारी सरकार मरीजों को सरकारी अस्पतालों में 207 जांचें मुफ्त में करवाने की सुविधा दे रही है। कोरोना के कारण अनाथ और बेसहारा हुय बच्चों के भरण पोषण की जिम्मेदारी भी सरकार उठा रही है।



इस अवसर पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री श्री अजय भट्ट, केंद्रीय मंत्री एवं सांसद मुजफ्फरनगर संजीव बालियान, उत्तराखण्ड के कैबिनेट मंत्री स्वामी यतीश्वरानंद, भाजपा उत्तराखण्ड प्रदेश अध्यक्ष मदन कौशिक, मुजफ्फरनगर के विधायक प्रमोद उडवाल, राजेन्द्र अन्थवाल, प. महावीर शर्मा एवं अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

---

# राज्य आन्दोलनकारियों की वजह से ही हमें नया राज्य मिला

**श्रद्धांजलि**

- सीएम ने शहीद स्थल कचहरी में उत्तराखण्ड राज्य आन्दोलनकारी शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को शहीद स्थल कचहरी में उत्तराखण्ड राज्य आन्दोलनकारी शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड राज्य आन्दोलनकारियों के संघर्ष के परिणामस्वरूप ही हमें नया राज्य मिला। शहीद राज्य आन्दोलनकारियों के सपने के अनुरूप राज्य का विकास हो, इसके लिए सरकार प्रयासरत है। उत्तराखण्ड के समग्र विकास के लिए राज्य सरकार कृतसंकल्प है।



मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड को देश का आदर्श राज्य बनाने के लिए हम सभी को एकजुट होकर कार्य करना है, जिससे कि राज्य आन्दोलन के शहीदों के सपनों के अनुरूप प्रदेश का चहुंमुखी विकास किया जा सके। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार राज्य आन्दोलनकारियों के कल्याण के लिए वचनबद्ध है। राज्य आन्दोलनकारियों के आश्रितों (पति/पत्नी) को भी राज्य आन्दोलनकारी की मृत्यु के पश्चात 3100 रुपये प्रतिमाह पेंशन प्रदान करने का शासनादेश किया गया है एवं 31 दिसंबर 2021 तक छूटे राज्य आन्दोलनकारियों का चिन्हीकरण कार्य जारी रहेगा।

इस अवसर पर केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री श्री अजय भट्ट ने भी शहीद उत्तराखण्ड राज्य आन्दोलनकारियों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

### मुख्यमंत्री ने महात्मा गांधी जी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को श्रद्धांजलि दी

देहरादून। मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री आवास में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व पीएम लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

### सीएम ने गांधी पार्क में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की मूर्ति पर किया माल्यार्पण



**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गांधी जयंती के अवसर पर गांधी पार्क, देहरादून में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गांधी जी ने सत्य व अहिंसा के मार्ग पर चलने के लिए सबको प्रेरित किया। भारत को आजादी दिलाने के लिए उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें अपने आचरण में अहिंसा का भाव जागृत करने के साथ ही मानवता के प्रति करूणा का भाव पैदा करना होगा। यही हमारी उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस अवसर पर केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री श्री अजय भट्ट ने भी महात्मा गांधी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

In a Digital World Why
To wait for a Howker

Visit Us at https://www.page3news.co.

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+

Scan This Code

Read News
Watch News Channel



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।